6. बिन्दु 4, 5 एवं 7 में इंगित नियंत्रण तथा अनुश्रवण सयंत्रो को कार्यरत में, इकाई में रखा जाये।

7. इकाई परिक्षेत्र में प्रत्येक आवश्यक स्थान पर चिमनी/स्टैक का प्राविधान बोर्ड मानकों के अनुसार किया जाये।

8. सहमति आदेश निर्गत किए जाने की दिनांक के एक माह के भीतर इकाई के समस्त स्टैक से हो रहे उत्सर्जन के अनुश्रवण किए जाने की सम्पूर्ण व्यवस्था की जाए। उत्सर्जन का अनुश्रवण नियमित रूप से किया जाए एवं इसकी मासिक आख्या बोर्ड में जमा की जाये।

9. ( अ ) उपरोक्त संदर्भित शर्तों का सम्पूर्ण अनुपालन कार्यरत इकाई द्वारा सुनिश्चित किया जाये एवं इस सम्बन्ध में आवश्यक अनुपालन आख्या सहमति आदेश प्राप्ति के एक माह के भीतर प्रस्तुत किया जाए।

( ब ) नवीन इकाई में उत्पादन तब तक न आरम्भ किया जाए जब तक सहमति आदेश की समस्त शर्तो का अनुपालन बोर्ड की संस्तुति के अनुसार न कर लिया जाए।

10. किसी दुर्घटना या किसी अपरिहार्य कारणों से वायु प्रदूषित अवयवों का उत्सर्जन वातावरण में निर्धारित मानकों संदर्भित धारा - 29 से अधिक होता है या होने की सम्भावना हो तो बोर्ड और अन्य संस्थानों जो संदर्भित धारा - 29 उत्तर प्रदेश वायु ( प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण ) धारा 1983 वर्णित है, को सूचित करना चाहिए।

11. इकाई में कार्यरत किसी भी प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र अथवा स्टैक में किसी प्रकार का कोई भी परिवर्तन बिना बोर्ड की पूर्व अनुमति के न किया जाए।

12. इकाई का रखरखाव इस प्रकार से सुनिश्चित किया जाए कि वायु प्रदूषणकारी तत्वों का उत्सर्जन, स्टैक के अतिरिक्त अन्य किसी बिन्दु से नहीं होना चाहिए।

13. इकाई द्वारा बोर्ड के कर्मचारियों अथवा बोर्ड से मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा चिमनी अथवा उक्त किसी ''अन्य आउट लेट'' से वायु उत्सर्जन का नमूना एकत्रित किए जाने के सम्बन्ध में समस्त आवश्यक सुविधाओं का प्राविधान किया जाए।

14. इकाई से आबादी, कृषिक उपज इत्यादि को कोई भी नुकसान होने की स्थिति में यह आवश्यक होगा की इकाई में उत्पादन तुरन्त बन्द किया जाए तथा हटाने की सूचना तत्काल बोर्ड को दी जाए।

15. आवेदनकर्त्ता/इकाई द्वारा इस सहमति आदेश में तथा भविष्य में दिए जाने वाले समस्त निर्देशों / आदेशों का अनुपालन कड़ाई से किया जाए। किसी भी समय पर दिए गए आदेश / निर्देश अथवा इस सहमति आदेश की शर्तों का अनुपालन संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदनकर्त्ता/ इकाई पर विधिक प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

16. उपरोक्त इंगित समस्त शर्तें अधिनियम की धारा 21 ( 6 ) के अन्तर्गत निरस्त न किए जाने तक वैध रहेगी।

17. आवेदनकर्ता द्वारा सहमति नवीनीकरण हेतु सहमति आवेदन पत्र तीन प्रतियों में जमा किया जाए। यह आवेदन पत्र पूर्व सहमति आदेश की वैधता समाप्त होने से 30 दिन अथवा नवीन या प्रतिस्थापित चिमनी की कार्यान्वयन तिथि एवं प्रस्तावित नवीन उत्सर्जन की तिथि से 30 दिन पूर्व ( जो भी पहले हो ) जमा किया जाए।

18. बोर्ड के अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान उद्योग द्वारा एक निरीक्षण पुस्तिका उपलब्ध करायी जायेगी।

19. आवेदक को निरीक्षणकर्ता / बोर्ड को अनुश्रवण एवं प्रदूषण नियन्त्रण सयंत्रों के निर्माण, अधिस्थापन अथवा संचालन तथा अन्य सभी सूचनायें जो वायु प्रदूषण से सम्बन्धित हो, उपलब्ध करानी होगी।

20. इस सहमति आदेश की प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर अपने उद्योग के डाइरेक्टर्स, पार्टनर्स, प्रोपराइटर्स का पता दूरभाष संख्या की एक लिस्ट उपलब्ध करानी होगी।

21. इस सहमति आदेश में अंकित किसी सूचना तथा सहमति शर्तों के होते हुए भी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ, वायु ( प्रदूषण निवारण एवं नियन्त्रण ) अधिनियम, 1981 की धारा 21 ( 6 ) में तथा इसके संशोधित अधिनियम 1987 के अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित किसी भी/सभी शर्तों में पुनः विचार करने के लिए जो उचित हो, वह परिवर्तन करने का अधिकार व शक्ति बोर्ड के लिए आरक्षित है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड हेतु अथवा अधिकृत।

क्षेत्रीय अधिकारी

UPPCB

**क्षेत्रीय कार्यालय–उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद**

**Regional Office, U.P. Pollution Control Board, Ghaziabad**

**Website- www.uppcb.com, e-mail:roghaziabad@uppcb.in**

**संदर्भ संख्या :** 456/NGT-176/2023 **दिनांक** 17/06/2023

सेवा में,

आदित्या मॉल ट्रेडर्स एसोसिऐशन,
प्लाट संख्या सी0जी0एच–03, वैभव खण्ड, इन्द्रापुरम,
गाजियाबाद।

**विषय: मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे योजित ओ0ए0 संख्या 290/2023 Shubham Jasia Versus State of U.P. में पारित आदेश दिनांक 12.04.2023 के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे योजित ओ0ए0 संख्या 290/2023 Shubham Jasia Versus State of U.P. में पारित आदेश दिनांक 12.04.2023 को निम्न आदेश आदेश पारित किये गये है:–

"Grievance in this application is against operation of D.G. set at Aditya Mega City, Vaibhav Khand, Indirapuram, Ghaziabad which is resulting in air pollution causing potential health hazards to the citizens. The applicant has referred to earlier orders of this Tribunal dated 08.04.2021 in O.A. No. 681/2018 dealing with air pollution in non-attainment cities. The tribunal noted the potential pollution by the DG sets and need for remedial action. The applicant has also filed photographs in support of the allegation....."

उक्त आदेश के अनुपालन में आपकी परियोजना का निरीक्षण इस कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा दिनांक 06.06.2023 को किया गया। निरीक्षण के दौरान मॉल में 02 डी0जी0 सेट क्षमता 1500 के0वी0ए0 का एक एवं 500 के0वी0ए0 क्षमता की स्थापना का कार्य होता पाया गया। परियोजना प्रतिनधि द्वारा अवगत कराया गया है कि डी0जी0 सेटों मे ईधन के रूप मे पी0एन0जी0 एवं डीजल का प्रयोग किया जाना प्रस्तावित है व पूर्व मे डी0जी0 सेट को छततल हटा कर भूतल पर दिनांक 08.05.2023 को स्थापित किया गया है। निरीक्षण के समय डी0जी सेटों पर मानकों के अनुरूप चिमनी स्थापित नही पायी गयी, जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में वर्णित प्राविधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य मे आपको निम्न बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है। इस सम्बन्ध मे अपनी कार्ययोजना 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें:–

1. परियोजना का संचालन राज्य बोर्ड से नियमानुसार जल एवं वायु सहमति प्राप्त किये बिना न किया जाये।
2. डी0जी0 सेटस पर सम्बद्ध चिमनी को निकटतम छत तल की ऊचाई से 0.2√ के0वी0ए0 ऊँचा किया जायें एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/सी0ए0क्यू0एम0 द्वारा निर्धारित अनुमन्य ईधन का ही प्रयोग किया जायें।

3. परियोजना द्वारा यदि राज्य बोर्ड से स्थापनार्थ अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संचालनार्थ सहमति जल एवं वायु प्राप्त की गयी हो, तो उक्त की छायाप्रतियों सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या प्रेषित करें।

उक्त बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या उपरोक्तानुसार इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा मे निर्धारित समयावधि मे अनुपालन आख्या प्राप्त न होने की दशा मे परियोजना के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति प्रशमन शुल्क अधिरोपित करते हुए वायु(प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 एवं जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के आज्ञापक प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु संस्तुति सहित आख्या बोर्ड मुख्यालय प्रेषित कर दी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वंय आपका होगा।

(उत्सव शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपिः
मुख्य पर्यावरण अधिकारी, वृत्त–1, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

क्षेत्रीय कार्यालय–उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद
Regional Office, U.P. Pollution Control Board, Ghaziabad
Website- www.uppcb.com, e-mail:roghaziabad@uppcb.in

**संदर्भ संख्या :** 455 /NGT-176/2023 **दिनांक** 12/06/2023

सेवा में,

अध्यक्ष,
अपार्टमेन्ट ऑफ आनर्स,
आदित्या मेगा सिटी बिल्डिंग एसोसिऐशन,
प्लाट संख्या सी0जी0एच–03, वैभव खण्ड, इन्द्रापुरम,
गाजियाबाद।

**विषयः मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे योजित ओ0ए0 संख्या 290/2023 Shubham Jasia Versus State of U.P. में पारित आदेश दिनांक 12.04.2023 के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे योजित ओ0ए0 संख्या 290/2023 Shubham Jasia Versus State of U.P. में पारित आदेश दिनांक 12.04.2023 को निम्न आदेश आदेश पारित किये गये हैः–

"Grievance in this application is against operation of D.G. set at Aditya Mega City, Vaibhav Khand, Indirapuram, Ghaziabad which is resulting in air pollution causing potential health hazards to the citizens. The applicant has referred to earlier orders of this Tribunal dated 08.04.2021 in O.A. No. 681/2018 dealing with air pollution in non-attainment cities. The tribunal noted the potential pollution by the DG sets and need for remedial action. The applicant has also filed photographs in support of the allegation....."

उक्त आदेश के अनुपालन में आपकी परियोजना का निरीक्षण इस कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा दिनांक 06.06.2023 को किया गया। निरीक्षण के दौरान सोसायटी में 04 डी0जी0 सेट क्षमता 500 के0वी0ए0 के 03 एवं 600 के0वी0ए0 क्षमता का एक डी0जी0 सेट स्थापित पाया गया। निरीक्षण के समय डी0जी सेटों पर मानकों के अनुरूप चिमनी स्थापित नही पायी गयी। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रतिनिधि द्वारा किसी भी प्रकार की सहमति जल एवं वायु प्राप्त नही करायी गयी, जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में वर्णित प्राविधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य मे आपको निम्न बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है। इस सम्बन्ध मे अपनी कार्ययोजना 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें:–

1. परियोजना का संचालन राज्य बोर्ड से नियमानुसार जल एवं वायु सहमति प्राप्त किये बिना न किया जाये।
2. डी0जी0 सेटस पर सम्बद्ध चिमनी को निकटतम छत तल की ऊचाई से 0.2√ के0वी0ए0 ऊँचा किया जायें एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/सी0ए0क्यू0एम0 द्वारा निर्धारित अनुमन्य ईधन का ही प्रयोग किया जायें।

3. परियोजना द्वारा यदि राज्य बोर्ड से स्थापनार्थ अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संचालनार्थ सहमति जल एवं वायु प्राप्त की गयी हो, तो उक्त की छायाप्रतियों सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या प्रेषित करें।

उक्त बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या उपरोक्तानुसार इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा मे निर्धारित समयावधि मे अनुपालन आख्या प्राप्त न होने की दशा मे परियोजना के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति प्रशमन शुल्क अधिरोपित करते हुए वायु(प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 एवं जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के आज्ञापक प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु संस्तुति सहित आख्या बोर्ड मुख्यालय प्रेषित कर दी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वंय आपका होगा।

(उत्सव शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपिः

मुख्य पर्यावरण अधिकारी, वृत्त–1, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

**क्षेत्रीय कार्यालय : आई0एन0एस0–2, सेक्टर–16, वसुन्धरा, गाजियाबाद–201012 फोन–0120–4160108**
**मुख्यालय : TC-12V, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010**

क्षेत्रीय कार्यालय—उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद
Regional Office, U.P. Pollution Control Board, Ghaziabad
Website- www.uppcb.com, e-mail:roghaziabad@uppcb.in

संदर्भ संख्या : 454/NGT-176/2023 दिनांक 17/06/2023

सेवा में,

अध्यक्ष / प्रबन्ध निदेशक
आदित्या बिल्डर्स एण्ड डबलपर्स,
10, न्यू राजधानी इन्क्लेव, विकास मार्ग,
दिल्ली—110092

**विषयः मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे योजित ओ0ए0 संख्या 290 / 2023 Shubham Jasia Versus State of U.P. में पारित आदेश दिनांक 12.04.2023 के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे योजित ओ0ए0 संख्या 290 / 2023 Shubham Jasia Versus State of U.P. में पारित आदेश दिनांक 12.04.2023 को निम्न आदेश आदेश पारित किये गये है:—

"Grievance in this application is against operation of D.G. set at Aditya Mega City, Vaibhav Khand, Indirapuram, Ghaziabad which is resulting in air pollution causing potential health hazards to the citizens. The applicant has referred to earlier orders of this Tribunal dated 08.04.2021 in O.A. No. 681/2018 dealing with air pollution in non-attainment cities. The tribunal noted the potential pollution by the DG sets and need for remedial action. The applicant has also filed photographs in support of the allegation....."

उक्त आदेश के अनुपालन में आपकी परियोजना का निरीक्षण इस कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा दिनांक 06.06.2023 को किया गया। निरीक्षण के दौरान सोसायटी में 04 डी0जी0 सेट क्षमता 500 के0वी0ए0 के 03 एवं 600 के0वी0ए0 क्षमता का एक डी0जी0 सेट एवं आदित्या सिटी सेन्टर मॉल में 1500 के0वी0ए0 एवं 600 के0वी0ए0 क्षमता के 02 डी0जी0 स्थापित पाये गया। निरीक्षण के समय डी0जी सेटों पर मानकों के अनुरूप चिमनी स्थापित नही पायी गयी। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रतिनिधि द्वारा किसी भी प्रकार की सहमति जल एवं वायु प्राप्त नही करायी गयी। निरीक्षण के दौरान परियोजना से जनित उत्प्रवाह के शुद्धिकरण हेतु सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट स्थापित नही है, जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में वर्णित प्राविधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य मे आपको निम्न बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है। इस सम्बन्ध मे अपनी कार्ययोजना 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें:—

1. परियोजना का संचालन राज्य बोर्ड से नियमानुसार जल एवं वायु सहमति प्राप्त किये बिना न किया जाये।
2. परियोजना द्वारा यदि राज्य बोर्ड से स्थापनार्थ अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संचालनार्थ सहमति जल एवं वायु प्राप्त की गयी हो, तो उक्त की छायाप्रतियों सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या प्रेषित करें।

उक्त बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या उपरोक्तानुसार इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा मे निर्धारित समयावधि मे अनुपालन आख्या प्राप्त न होने की दशा मे परियोजना के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति प्रशमन शुल्क अधिरोपित करते हुए वायु(प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 एवं जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के आज्ञापक प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु संस्तुति सहित आख्या बोर्ड मुख्यालय प्रेषित कर दी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वंय आपका होगा।

(उत्सव शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपिः

मुख्य पर्यावरण अधिकारी, वृत्त–1, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

**क्षेत्रीय कार्यालय : आई0एन0एस0–2, सेक्टर–16, वसुन्धरा, गाजियाबाद–201012 फोन–0120–4160108**
**मुख्यालय : TC-12V, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010**

ANNEXURE-I/42

# AGARWAL ASSOCIATES (PROMOTERS) LIMITED

CIN : U51909DL1986PLC023729
Regd. Office : 10, New Rajdhani Enclave,Vikas Marg, Delhi-110092
Phones : 011-43432222, 43432210
Email : aaplimited1979@gmail.com

दिनांकः 27.06.2023

सेवा में,

श्रीमान क्षेत्रीय अधिकारी,
क्षेत्रीय कार्यालय उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड,
आई0एन0एस0–2, सेक्टर–16, वसुन्धरा,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201012

**विषयः– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या 290/2023 शुभम जैसिया बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 में पारित आदेश दिनांक 12.04.2023 के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि हमें आपका पत्र सन्दर्भ संख्या 454/एन0जी0टी–176/2023 दिनांक 17.06.2023 दिनांक 23.06.2023 को प्राप्त हुआ है। हमारा कथन यह है कि मैसर्स अग्रवाल एसोसिएट्स (प्रमोटर्स) लिमिटेड (कम्पनी) के द्वारा एक प्रोजेक्ट का निर्माण Plot No. C/GH-03, Vaibhav Khand, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014 पर किया गया था। प्रोजेक्ट में आवासीय एवं व्यवसायिक दोनों प्रकार का विकास किया गया था। आवासीय विकास को आदित्य मेगा सिटी के नाम से जाना जाता है तथा व्यवसायिक विकास को आदित्य सिटी सेन्टर के नाम से जाना जाता है। चूँकि दोनों प्रकार के विकास एक ही प्रोजेक्ट का हिस्सा थे इसलिए प्रोजेक्ट को सामूहिक तौर पर आदित्य मेगा सिटी के नाम से भी जाना जाता है।

कम्पनी के द्वारा आदित्य मेगा सिटी का हैण्डओवर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पत्र संख्या 357(ii) नियोजन अनुभाग/12 दिनांक 13.06.2012 के आदेशानुसार, दिनांक 30.06.2012 को आदित्य मेगा सिटी रेजीडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन को कर दिया गया था, इसलिए आदित्य मेगा सिटी प्रोजेक्ट में कॉमन एरिया, फैसिलिटीज एवं अमेनिटीज, जेनरेटर के संचालन, रख–रखाव तथा जल एवं वायु सहमति की जिम्मेदारी आदित्य मेगा सिटी रेजीडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन की है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा जारी पत्र दिनांक 13.06.2012 **संलग्नक–1** के तौर पर संलग्न है।

आदित्य सिटी सेन्टर में कम्पनी के द्वारा फ्रीहोल्ड दुकानों का निर्माण किया गया था तथा उपरोक्त प्रोजेक्ट्स का सम्पूर्ति प्रमाण पत्र गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा पत्रांक 264/मास्टर प्लान

अनुभाग/10 दिनांक 31.07.2010 को जारी किया गया था, सम्पूर्ति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि **संलग्नक–2** के तौर पर संलग्न है।

दुकानों का निर्माण करने के उपरान्त दुकानों को सुपर एरिया के आधार पर विभिन्न व्यक्तियों को विक्रय कर दिया गया था तथा आदित्य सिटी सेन्टर में कॉमन एरिया, फैसिलिटीज एवं अमेनिटीज के रख–रखाव के कार्य की जिम्मेदारी सभी फ्रीहोल्ड दुकान मालिकों के पक्ष में निष्पादित विक्रय विलेख के आधार पर एवं सभी दुकान Owners/Occupiers को मेन्टीनेन्स सर्विसेज प्रदान करने के लिए, AA CBD Maintenance Services Private Limited, Registered Office, Flat No.- 9D, CBD East, Delhi-110092 (AA CBD) को नॉमिनेटेड मेन्टीनेन्स एजेन्सी नियुक्त किया गया था।

प्रोजेक्ट हैण्डओवर के समय कम्पनी के पास जल एवं वायु सहमति प्राप्त थी। जल एवं वायु सहमति **संलग्नक–3** के तौर पर संलग्न है।

हम आपको यह भी बताना चाहते है कि आदित्य सिटी सेन्टर में आदित्य मॉल ट्रेडर्स एसोसिएशन का पंजीकरण भी हो चुका है। जिसका पंजीकरण संख्या 276/63416M है तथा जिसका कार्यालय BF-36, Aditya Mall, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014 में स्थित है। उत्तर प्रदेश अपार्टमेन्ट एक्ट के अनुसार प्रोजेक्ट में एसोसिएशन का गठन होने के उपरान्त कॉमन एरिया, फैसिलिटीज एवं अमेनिटीज की जिम्मेदारी एसोसिएशन की है।

आपके उपरोक्त पत्र में आदित्य सिटी सेन्टर में 1500 के0वी0ए0 एवं 600 के0वी0ए0 क्षमता के जो 2 जेनरेटर स्थापित होने का कथन किया गया है, उनके बारे में हमनें AA CBD Maintenance Services Private Limited से पता किया तो यह पता चला कि आदित्य सिटी सेन्टर में 1500 के0वी0ए0 एवं 500 के0वी0ए0 क्षमता के 2 जेनरेटर्स एक अन्य कम्पनी Third Wave Services Private Limited, 30/1, Ashoka Road, Windsor Shipra Suncity, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh के द्वारा अभी केवल रखे गये है, ये जेनरेटर्स न तो अभी Installed हुए है और न ही इनसे संचालन शुरू हुआ है। 600 के0वी0ए0 क्षमता का कोई भी जेनरेटर नहीं रखा गया है। ये जेनरेटर्स Third Wave Services Private Limited के द्वारा किराये पर चलाने के लिए रखे गये है। इन जेनरेटर्स का संचालन Clean Fuel PNG के माध्यम से किया जायेगा। DG Set के लिए चिमनी का कार्य प्रगति में है तथा DG के संचालन से पूर्व चिमनी का कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा, इन जेनरेटर्स के बिल, इंजिन टेस्ट प्रमाण पत्र, टेस्ट सर्टिफिकेट/सर्टिफिकेट ऑफ कन्फरमिटी **संलग्नक–4** के तौर पर संलग्न है।

आदित्य सिटी सेन्टर के कम्पलीशन के समय परियोजना से जनित उत्प्रवाह के शुद्धिकरण हेतु सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट की स्थापना करने की कम्पनी को कोई आवश्यकता नहीं थी एवं परियोजना से जनित उत्प्रवाह को सीवर लाईनों के द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा इन्दिरापुरम में स्थापित 56 एम0एल0डी0 एवं एस0टी0पी0 से संयोजित किया गया तथा उपरोकत प्रोजेक्ट से जनित उत्प्रवाह के निस्तारण एवं शुद्धिकरण का कार्य उपरोक्त सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के द्वारा किया जा रहा है तथा इसका रख–रखाव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा किया जा रहा है, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा आपके कार्यालय को इस सम्बन्ध में जारी पत्रांक 177/4/सी0ई0/08 दिनांक 03.10.2008 **संलग्नक–5** के तौर पर संलग्न है।

चूँकि उपरोक्त प्रोजेक्ट में स्थित फ्रीहोल्ड दुकानों का विक्रय हो चुका है और सभी दुकानदार अपनी–अपनी दुकान के Owner/Occupier है। जिनके संचालन में कम्पनी एवं नॉमिनेटेड मेन्टीनेन्स एजेन्सी का कोई हस्ताक्षेप नहीं है।

हमारी यह प्रार्थना है कि आदित्य मेगा सिटी में स्थित कॉमन एरिया, फैसिलिटीज एवं अमेनिटीज, जेनरेटर के संचालन, रख–रखाव तथा जल एवं वायु सहमति इत्यादि के सम्बन्ध में, आदित्य मेगा सिटी रेजीडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन को तथा आदित्य सिटी सेन्टर में स्थित कॉमन एरिया, फैसिलिटीज एवं अमेनिटीज, जेनरेटर के संचालन, रख–रखाव तथा जल एवं वायु सहमति इत्यादि के सम्बन्ध में, आदित्य मॉल ट्रेडर्स एसोसिएशन को सम्पर्क करने का कष्ट करें।

उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हमारा यह निवेदन है कि आपके उपरोक्त पत्र का निस्तारण करने का कष्ट करें यदि आपके उपरोक्त पत्र का निस्तारण करने के लिए किसी अन्य जानकारी/दस्तावेज की आवश्यकता है तो हमें सूचित करने का कष्ट करें। आपकी अति कृपा होगी।

सधन्यवाद!

प्रार्थी

मैसर्स अग्रवाल एसोसिएट्स प्रमोटर्स लिमिटेड

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

संलग्नक: उपरोक्तानुसार

क्षेत्रीय कार्यालय–उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद
Regional Office, U.P. Pollution Control Board, Ghaziabad
Website- www.uppcb.com, e-mail:roghaziabad@uppcb.in

संदर्भ संख्या : 454/NGT-176/2023 दिनांक 17/06/2023

सेवा में,

अध्यक्ष / प्रबन्ध निदेशक
आदित्या बिल्डर्स एण्ड डबलपर्स,
10, न्यू राजधानी इन्क्लेव, विकास मार्ग,
दिल्ली–110092

**विषयः मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे योजित ओ0ए0 संख्या 290 / 2023 Shubham Jasia Versus State of U.P. में पारित आदेश दिनांक 12.04.2023 के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे योजित ओ0ए0 संख्या 290 / 2023 Shubham Jasia Versus State of U.P. में पारित आदेश दिनांक 12.04.2023 को निम्न आदेश आदेश पारित किये गये हैः–

"Grievance in this application is against operation of D.G. set at Aditya Mega City, Vaibhav Khand, Indirapuram, Ghaziabad which is resulting in air pollution causing potential health hazards to the citizens. The applicant has referred to earlier orders of this Tribunal dated 08.04.2021 in O.A. No. 681/2018 dealing with air pollution in non-attainment cities. The tribunal noted the potential pollution by the DG sets and need for remedial action. The applicant has also filed photographs in support of the allegation....."

उक्त आदेश के अनुपालन में आपकी परियोजना का निरीक्षण इस कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा दिनांक 06.06.2023 को किया गया। निरीक्षण के दौरान सोसायटी में 04 डी0जी0 सेट क्षमता 500 के0वी0ए0 के 03 एवं 600 के0वी0ए0 क्षमता का एक डी0जी0 सेट एवं आदित्या सिटी सेन्टर मॉल में 1500 के0वी0ए0 एवं 600 के0वी0ए0 क्षमता के 02 डी0जी0 स्थापित पाये गया। निरीक्षण के समय डी0जी सेटों पर मानकों के अनुरूप चिमनी स्थापित नही पायी गयी। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रतिनिधि द्वारा किसी भी प्रकार की सहमति जल एवं वायु प्राप्त नही करायी गयी। निरीक्षण के दौरान परियोजना से जनित उत्प्रवाह के शुद्धिकरण हेतु सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट स्थापित नही है, जो पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में वर्णित प्राविधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य मे आपको निम्न बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है। इस सम्बन्ध मे अपनी कार्ययोजना 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें:–

1. परियोजना का संचालन राज्य बोर्ड से नियमानुसार जल एवं वायु सहमति प्राप्त किये बिना न किया जाये।
2. परियोजना द्वारा यदि राज्य बोर्ड से स्थापनार्थ अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संचालनार्थ सहमति जल एवं वायु प्राप्त की गयी हो, तो उक्त की छायाप्रतियों सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या प्रेषित करें।

उक्त बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या उपरोक्तानुसार इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा मे निर्धारित समयावधि मे अनुपालन आख्या प्राप्त न होने की दशा मे परियोजना के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति प्रशमन शुल्क अधिरोपित करते हुए वायु(प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 एवं जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के आज्ञापक प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु संस्तुति सहित आख्या बोर्ड मुख्यालय प्रेषित कर दी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वंय आपका होगा।

(उत्सव शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपिः

मुख्य पर्यावरण अधिकारी, वृत्त–1, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

संलग्नक – 1

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद।

## आदेश :–

आदित्य मेगा सिटी रेजीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन व प्रमोटर के मध्य कॉमन एरिया फैसिलिटीज के हस्तांतरण एवं अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में आर0डब्ल्यू0ए0 के पत्र दिनांक–14.3..12 व 29.3.12 के कम में दोनों पक्षों को सुनवाई हेतु दिनांक– 16.4.12 को कार्यालय में बुलाया गया, जिसमें आर0डब्ल्यू0ए0 के पदाधिकारी उपस्थित हुए किन्तु विकासकर्ता उपस्थित नहीं हुए। पुनः सुनवाई हेतु दिनांक– 26.4.12, 15.5.12 एवं 25.5.12 निर्धारित की गई, जिसमें विकासकर्ता उपस्थित नहीं हुए। दिनांक– 30.5.12 को दोनों पक्ष उपस्थित हुए। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात निर्णय लिया गया कि आर0डब्ल्यू0ए0 द्वारा कॉमन फैसिलिटीज को आर0डब्ल्यू0ए0 को हस्तान्तरित किए जाने पार्किग आवंटित किए जाने बेसमेंट में लीकेज एवं गारवेज निस्तारण सम्बन्धी समस्या का समाधान किए जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया गया है।

एतद द्वारा यह आदेशित किया जाता है कि मै0 अग्रवाल एसोसिएटस प्रमोटर्स लि0 एक सप्ताह के अन्दर उ0प्र0 अपार्टमेंट एक्ट 2010 के प्राविधानों के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप पर अपना डिक्लीयरिफिकेशन प्रस्तुत करें। उ0 प्र0 अपार्टमेंट रूल्स में जारी डिक्लीयरिफिकेशन का प्रारूप आदेश के साथ संलग्न किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त हैण्डिंग ओवर के सम्बन्ध में नियमानुसार समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए एवं पार्किंग आवंटित किए जाने की कार्यवाही पूर्ण कर दिनांक 30.6.12 तक अवगत कराया जाए। उ0प्र0 अपार्टमेंट एक्ट के प्राविधानों के अनुसार अब प्रश्नगत अपार्टमेंट के कॉमन एरिया व उसके मैंटीनेन्श से सम्बन्धित अधिकारों को आदेशित दिनांक तक आर0डब्ल्यू0ए0 को हस्तगत नहीं किए जाने के सम्बन्ध में इन्हें स्वतः हस्तगत माना जाएगा।

उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए एवं कार्यवाही नहीं किए जाने की स्थिति में उ0प्र0 अपार्टमेंट एक्ट के सुसंगत प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

(धर्मेन्द्र प्रताप सिंह)
पी.सी.एस.
**विशेषाधिकारी,**
(सक्षम प्राधिकारी से प्राधिकृत)

पृष्ठांकन सं0– 347(ii)/ नि0प्रा0अनु0/12 दिनांक– 13/6/12
प्रतिलिपि–

1. उपाध्यक्ष महोदय को सूचनार्थ।
2. जनरल सैकेटरी, आर0डब्ल्यू0ए0, आदित्य मेगा सिटी, प्लाट न0–3, वैभव खण्ड, इन्दिरापुरम गाजियाबाद को सूचनार्थ।
3. मैनेजिंग डायरेक्टर, मै0 अग्रवाल एसोसिएटस प्रमोटर्स लि0, 10–राजधानी एन्क्लेव, विकास मार्ग,नई दिल्ली को उ0प्र0 अपार्टमेंट नियमावली की प्रति संलग्न करते हुए दिए गए आदेश पर आवश्यक अनुपालन हेतु।

13/6/12

(धर्मेन्द्र प्रताप सिंह)
विशेषाधिकारी

संलग्नक-2

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद।

## भवन सम्पूर्ति प्रमाण–पत्र

पत्रांक 261 /मास्टर प्लान अनुभाग/2010 दिनांक 31/7/10

सेवा में

मै0 अग्रवाल एसोसिएटस प्रमोटर्स लि0,
10, न्यू राजधानी एन्क्लेव,
विकास मार्ग, दिल्ली–110092

विषय:– भूखण्ड संख्या–3, वैभवखण्ड, इन्दिरापुरम के भवन सम्पूर्ति प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रार्थना पत्र दिनांक 29.06.2010 के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या–3, वैभवखण्ड, इन्दिरापुरम पर स्वीकृत मानचित्र संख्या 83/टी0एच0ए0/जोन–3/2004–05 दिनांक 25.01.2005 व 1226/टी0एच0ए0/जोन–3/ जी0एच0/2005–06 दिनांक 06.10.2006 के क्रम में स्वीकृत मानचित्र के विरूद्ध किये गये निर्माण को प्रवर्तन खण्ड के पत्रांक 122/जोन–3/प्रवर्तन/ जी0डी0ए0/2007 दिनांक 12.12.2007, पत्रांक 204/प्रवर्तन/जी0डी0ए0/2010 दिनांक 06.04.2010 व पत्रांक 297/प्रवर्तन/ जी0डी0ए0/2010 दिनांक 02.06.2010 के द्वारा शमन किया जा चुका है। उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के आदेश दिनांक 17.07.2010 के क्रम में उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम–1973 की धारा–15क(2) के अनुसार निम्न शर्तों के अधीन भवन सम्पूर्ति प्रमाण–पत्र जारी किया जाता है।

**शर्तें:–**

1– पूर्व में स्वीकृत मानचित्र व शमन मानचित्र की शर्तों का पालन करना होगा।
2– अग्नि शमन विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र की समस्त शर्तो का पालन करना होगा।
3– भवन की संरचना सुरक्षा एवं सभी उपकरणों की सुरक्षा का उत्तरदायित्व स्वंय निर्माणकर्ता का होगा।
4– किसी भी विपरीत स्थिति में होने वाली समस्त प्रकार की क्षति का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व निर्माणकर्ता का होगा।
5–भविष्य में प्राप्त होने वाले समस्त शासनादेशों एवं प्राधिकरण बोर्ड बैठक के निर्णयों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। प्राधिकरण द्वारा यदि भविष्य में बढ़े विकास व्यय या कोई अन्य व्यय की मांग की जाती है तो वह शुल्क प्राधिकरण कोष में जमा कराना होगा।
6– दिये गये शपथ पत्रों की समस्त शर्तों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।
7–मानचित्र में दर्शित उपयोग के विपरीत उपयोग करने पर सम्पूर्ति प्रमाण पत्र की वैधता स्वतः समाप्त मानी जायेगी।
8–रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था को सदैव कियाशील रखे जाने की जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की होगी।
9–किये गये वृक्षारोपण में वृक्षों के रखरखाव एवं भवनों/ परिसर के अनुरक्षण की पूर्ण जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की होगी। यदि रोपित वृक्ष नष्ट होते हैं तो सम्पूर्ति प्रमाण पत्र की वैधता स्वतः समाप्त मानी जायेगी।
10–प्राधिकरण द्वारा निष्पादित डीड की शर्तो का पालन सुनिश्चित करना होगा।
11–एम0एल0यू0 (मिक्स लैण्ड यूज) अपार्टमेन्टस व पेट्रोल पम्प की सम्पूर्ति प्रमाण पत्र अलग से प्राप्त करना होगा।

(जी0 एस0 गोयल)
मुख्य वास्तुविद एवं नगर नियोजक
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद ।

78

49 संलग्नक-3

क्षेत्रीय कार्यालय फोन : 2883720

# उ0 प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

सैक्टर-16, वसुन्धरा, गाजियाबाद पंजीकृत

संदर्भ संख्या 2294/A-473/11 दिनांक 29-8-11

सेवा में,

मैसर्स
आदित्या मेगा सिटी (अग्रवाल एसोसिएटस (प्रमोटर्स) लि0 )
प्लाट नं0 सी.जी.एच.-3, वैभव खण्ड, इन्द्रिरापुरम,
गाजियाबाद।

विषय : जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25/26 और इसके संशोधित अधिनियम 1978 के अन्तर्गत घरेलू/प्रक्रिया जनित उत्प्रवाह के निस्तारण हेतु सहमति।

महोदय,

कृपया अपने पत्रांक ..........शून्य.......... दिनांक ~~30-06-2011~~.......... के साथ संलग्न आवेदन पत्र का संदर्भ लें। आपके सहमति आवेदन पत्र का परीक्षण किया गया तथा सशर्त सहमति आदेश पत्रांक ..........134.......... दिनांक ..........29-8-11.......... संलग्न हैं। आपका ध्यान निम्न बिन्दु सं0 1,2,3,5,6,11,12 .......... पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु दिलाया जा रहा है।

1. सहमति शर्तो तथा निम्न बिन्दुओं का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें तथा अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के भीतर प्रेषित करें।

2. जल सप्लाई स्रोत के विभिन्न बिन्दुओं पर उत्प्रवाह मापक मीटर अवश्य लगवायें। उत्प्रवाह मीटर मापी गयी रीडिंग हर महीने समय से अवश्य भेजें।

3. उद्योग से प्रतिदिन निस्तारित होने वाले उत्प्रवाह के मापने हेतु ड्रेन में अन्तिम निस्तारण बिन्दु से पूर्व वीं नाच या कोई मापक यंत्र लगवायें, वी नाच की मापी गई सूचनायें तथा कैलीब्रेशन चार्ट समय - समय पर प्रेषित करें।

4. घरेलू उत्प्रवाह शुद्धीकरण संयंत्र के डिजाईन तथा विस्तृत विवरण और जल निस्तारण व्यवस्था का रेखांकित मानचित्र ( ले आउट प्लान ) इस पत्र प्राप्ति के एक माह के भीतर प्रषित करें।

5. आपको उद्योग की आडिट की हुई वर्ष .......2010-2011...... की बैलेसशीट की प्रतिलिपि या चार्टड एकाउन्टेन्ट द्वारा पूर्ण विनियोजन ( अचल सम्पत्ति + वर्तमान सम्पत्ति - वर्तमान देनदारियों ) का सत्यापित प्रमाण पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये जाते हैं जिससे कि आपके द्वारा देय सहमति शुल्क की जॉच की जा सके।

6. यह सहमति केवल घरेलू उत्प्रवाह के निस्तारण हेतु मान्य है। औद्योगिक उत्प्रवाह किसी भी स्थिति में निस्तारित न किया जाये।

7. कृपया स्थापित उत्प्रवाह शुद्धीकरण संयंत्र का प्रभावी संचालन तथा रख रखाव सुनिश्चित करें जिससे कि उत्प्रवाह का निस्तारण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।

8. कृपया ठोस अवशिष्ट पदार्थो को इस प्रकार से निस्तारित करना सुनिश्चित करें जिससे कि नदी, सरिता, भूमिगत जल या अन्य किसी स्रोत का जल प्रदूषित न हों।

9. उचित मात्रा में वृक्षरोपण करें जिससे कि वातावरण में सुधार हो तथा प्रगति आख्या हर तीसरे महीने भेंजे।

10. आपको उपकर अधिनियम, 1977 में वांछित नियमों का पूर्णतया पालन करने और बोर्ड को इस सम्बन्ध में प्रगति भेजने की सलाह दी जाती है।

11- इकाई द्वारा बोर्ड से निर्गत NOC की शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या प्रस्तुत की जाए। ठोस उत्प्रवाह का समुचित निस्तारण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए।

12- परिसर से जनित ठोस अपशिष्ट/M.S.W का समुचित निस्तारण किया जाए तथा इसका दैनिक रिकार्ड मेंटेन कर त्रैमासिक विवरण बोर्ड को प्रस्तुत किया जाए।

इस सहमति आवेश में अंकित प्राविधान तथा सहमति शर्तों के होते हुए भी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ, जल ( प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण ) अधिनियम, 1974 तथा इसके संशोधित अधिनियम, 1978 की धारा 27 ( 2 ) के अन्तर्गत उपरोक्त वार्णित किसी भी / सभी शर्तों में पुनः विचार करने या संशोधन के लिए अधिनियम के अनुसार जो उचित हो, का अधिकार व शक्ति, बोर्ड आरक्षित रखता है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

भवदीय

क्षेत्रीय अधिकारी

पु0 सं0 ................................

तद् दिनांक ................................

प्रतिलिपि : मुख्य पर्यावरण अधिकारी ( वृत्त एक ), उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

क्षेत्रीय कार्यालय

# उ0 प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

सैक्टर-16, वसुन्धरा, गाजियाबाद

**कवेल सरिता/भूमि में निस्तारण के लिए**
**वर्तमान / बदली हुई क्षमता के लिए**

**फार्म XV**

## सहमति आदेश पत्र

संख्या 134 सहमति/जल आदेश/ A-473 लखनऊ, दिनांक 29-8-11

विषय : मैसर्स आदित्या मेगा सिटी (अग्रवाल एसोसिएट्स (प्रमोटर्स) लि0), सी.जी.एच.-3, वैभव खण्ड, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद। को

जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (यथा संशोधित) की धारा 25 / 26 के अन्तर्गत उत्प्रवाह निस्तारण हेतु सहमति।

संदर्भ : आवेदन पत्र संख्या शून्य दिनांक 30-06-2011

1. जल राशि या सीवर में या भूमि पर बहि:श्राव के निस्तारण के लिए जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 जिसे आगे उक्त अधिनियम कहा गया है, के अधीन सहमति प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त आवेदन पत्र के निर्देश में उक्त को उसके परिसर से निकलने वाले उसके घरेलू नगर पालिका/औद्योगिक बहिस्राव के स्थानीय सरिता/नदी/कुऐं में/भूमि पर निस्तारण करने के लिए अनुलग्नक में उल्लिखित सामान्य और विशेष शर्तों के अनुसार बोर्ड द्वारा प्राधिकार दिया जाता है।

2. यह सहमति दिनांक 30-06-2011 से 31-12-2012 के लिए मान्य होगी। "यह सहमति इक्तीस दिसम्बर दो हजार बारह तक मान्य है"

3. इस सहमति आदेश में अंकित प्राविधानों तथा सहमति शर्तों के होते हुए भी उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और इसके संशोधित अधिनियम 1978 की धारा 27 (2) के अन्तर्गत वर्णित किसी/ सभी शर्तों पर पुन: विचार करने या संशोधन के लिए अधिनियम के अनुसार जो उचित हो, का अधिकार व शक्ति, बोर्ड आरक्षित रखती है।

4. यह सहमति आदेश व्यवसायिक गतिविधियॉ, मल्टी-प्लेक्स, फूड कोर्ट एवं शापिंग माल हेतु मान्य है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लिए और उसकी ओर से।

क्षेत्रीय अधिकारी

संलग्नक : अनुलग्नक

(2)

# उ0 प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, गाजियाबाद

सहमति आदेश से .............................. सहमति / दिनांक ......................... को संलग्नक

## सहमति शर्तें

1. अधिकतम दैनिक उत्प्रवाह और प्रति घंटे में निस्तारण होने वाले उत्प्रवाह की दर निम्न से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| उत्प्रवाह का प्रकार | अधिकतम दैनिक निस्तारण मी$^3$ | अधिकतम प्रति घंटा निस्तारण मी$^3$ |
|---|---|---|
| (i) घरेलू | 604 कि0ली0/1.85 | |
| (ii औद्योगिक | शून्य | |
| (अ) प्रक्रिया जल ब्लीड धोने के जल सहित | शून्य | |
| (ब) शीतलन जल | रिसाइकिल | |

2. ब्लीड जल सहित प्रक्रिया में प्रयुक्त जल तथा घरेलू उत्प्रवाह को एकत्र करने के लिए अलग-अलग बन्द जल प्रवाह की व्यवस्था बनाई जाये। एकत्र करने की व्यवस्था के अंतिम छोर पर टर्मिनल मेनहोल, उत्प्रवाह मापन तथा उत्प्रवाह का नमूना एकत्र करने की व्यवस्था होनी चाहिए। कोई भी उत्प्रवाह, टर्मिनल, मेनहोल, के डाउन स्ट्रीम पर सीवर में प्रवेश नहीं करना चाहिए। सहमति आवेदन पत्र में सूचित उत्प्रवाह के अलावा अन्य कोई उत्प्रवाह एकत्र करने की व्यवस्था में प्रवेश नहीं करना चाहिए तथा यह भी सुनिश्चित करें कि घरेलू उत्प्रवाह स्ट्रीम वाटर ड्रेन में निस्तारित न हो।

3. घरेलू उत्प्रवाह सेप्टिक टैंक या अन्य शुद्धिकरण संयंत्र में शुद्धिकृत किया जाये जिससे शुद्धिकृत उत्प्रवाह निम्न मानकों के अनुरूप हो

   $20^0$ से पर 5 दिन की बी. ओ. डी. 30 मिग्रा. /ली. से अधिक न हो

   कुल निलम्बित ठोस 100 मिग्रा. /ली. से अधिक न हो।

4. सभी प्रक्रिया से जनित उत्प्रवाह, ब्लीड जल, शीतलन उत्प्रवाह, फर्श व उपकरणों की धुलाई से जनित उत्प्रवाह सहित औद्योगिक उत्प्रवाह निस्तारित होने से पूर्व इस प्रकार शुद्धिकृत किया जाये कि उत्प्रवाह बोर्ड द्वारा सं. 713/37/83/19/ए आर एन दिनांक 6-4-83 में निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।

5. अन्य प्रचालक जिनके मान मानक में न दिये हों उनका मान उद्योग में निर्माण प्रक्रिया में प्रयुक्त किए जाने वाले जल के मानकों से अधिक नहीं होना चाहिए।

6. घरेलू तथा औद्योगिक उत्प्रवाह के नमूने एकत्र करने व विश्लेषित करने की विधि भारतीय मानक 4733 व 2488 और इसके बाद के संशोधनों के अनुरूप होनी चाहिए।

7. विश्लेषित करने के लिए नमूने संख्या 2 में संदर्भित टर्मिनल मेनहोल से एकत्रित किया जाना चाहिये।

8. शर्त संख्या 2 में संदर्भित टर्मिनल मेनहोल ऊपर से ढके ताले लगाने की व्यवस्था युक्त, कम से कम MX 15 साइज और आवश्यक गहराई के ईट या सीमेंट कंक्रीट के चेंम्बर होने चाहियें। टर्मिनल मेनहोल में उत्प्रवाह नापने तथा विश्लेषण के लिए नमूना लेने की व्यवस्था होनी चाहिए।

9. शुद्धिकृत घरेलू व औद्योगिक उत्प्रवाह मिलाकर (उपरोक्त शर्तें संख्या 2 के प्राविधानों के अनुसार) एक ही निस्तारण बिन्दु से निस्तारित किया जाये। इस संयुक्त उत्प्रवाह निस्तारण बिन्दु पर उत्प्रवाह मापने की व्यवस्था होनी चाहिए।

10. शुद्धिकृत घरेलू व औद्योगिक उत्प्रवाह शर्त संख्या 9 में वर्णित संयुक्त निस्तारण बिन्दु से अन्तिम निस्तारण बिन्दु में पक्के, ढके हुए बन्द पाइप युक्त ड्रेन से होकर निस्तारित किया जाये।

पक्की ड्रेन या बन्द पाइप को इस प्रकार बिछाना चाहिए जिससे कि अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा उसमें नुकसान न पहुँचाया जाये। टर्मिनल निस्तारण बिन्दु को भी टर्मिनल मेनहोल की भांति बनाया जाये बन्द पाइपों में स्थल की आवश्यकता के अनुसार माध्यमिक निरीक्षण कक्ष बनाया जाये।

11. इन शर्तों का विशेष रूप से उत्प्रवाह शुद्धिकरण, उत्प्रवाह मापन, नमूना एकत्र करने की व्यवस्था टर्मिनल, मेनहोल व टर्मिनल निस्तारण बिन्दु के सम्बंध में एक माह या उससे पहले पूर्ण अनुपालन किया जाये।

12. बोर्ड से निर्गत सहमति आदेश की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर तथ इसके बाद प्रत्येक महीने की दस तारीख तक मासिक प्रगति आख्या, सहमति शर्तों की अनुपालन आख्या के साथ जरूर भेजें।

